## एक नजर में

### मंदसौर रेलवे स्टेशन पर यातायात व्यवस्था में सुधार, नई पार्किंग व्यवस्था लागू



**मंदसौर** । मंदसौर रेलवे स्टेशन के बाहर लंबे समय से यातायात अव्यवस्थित होने एवं जाम की स्थिति बनने से यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। स्टेशन के लिए आने–जाने का एक ही मार्ग होने तथा ऑटो रिक्शाओं के अव्यवस्थित खड़े रहने के कारण स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही थी। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए राज्यसभा सांसद श्री बंशीलाल गुर्जर ने मौके पर पहुंचकर आरपीएफ अधिकारियों एवं यातायात प्रभारी से चर्चा की और यातायात व्यवस्था में सुधार के जनहित में निर्देश दिए। इसके बाद थाना यातायात द्वारा रेलवे स्टेशन परिसर में ऑटो रिक्शा एवं अन्य वाहनों की सुचारू आवाजाही के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। नई व्यवस्था के तहत आरपीएफ के सहयोग से स्टेशन परिसर में लगभग 15 से 20 ऑटो रिक्शाओं के पार्किंग हेतु निर्धारित स्थान चिन्हित किया गया है। जिसके लिए मार्किंग भी की गई है। अब ऑटो रिक्शा स्टेशन परिसर में तय स्थान पर लाइन से खड़े किए जाएंगे। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पहुंच मार्ग पर अधिकतर यात्री ट्रेनों के आवागमन के समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक एवं शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक किसी भी ऑटो रिक्शा को मार्ग पर खड़ा करने की अनुमति नहीं होगी। इस दौरान यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस अधीक्षक मंदसौर के निर्देश पर यातायात पुलिस स्टाफ की विशेष ड्यूटी भी लगाई गई है। नई व्यवस्था लागू होने से रेलवे स्टेशन के बाहर लंबे समय से बनी ट्रैफिक जाम की समस्या में राहत मिलेगी तथा यात्रियों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन का लाभ मिलेगा।

### भाजपा के 14 मंडलों में बैठक पूर्ण, 21 मंडलों में मासिक बैठकों का क्रम जारी



**मंदसौर** । भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिले के सभी 21 मंडलों में मासिक बैठकों का क्रम जारी है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में अब तक 14 मंडलों की बैठकें सम्पन्न हो चुकी हैं। बैठकों में जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा, जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित सहित जिला पदाधिकारी एवं मंडल प्रभारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण से हुई। बैठक को संबोधित करते हुए दिलीप सकलेचा ने कहा कि संगठनात्मक बैठकों के माध्यम से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने के साथ ही पूर्व कार्यक्रमों की समीक्षा की जा रही है। उन्होंने बताया कि 1 से 7 मई तक मंडल स्तर पर तथा 21 से 24 मई तक बूथ एवं शक्ति केंद्र स्तर पर बैठकें आयोजित होंगी। साथ ही केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया गया। जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने निर्देश दिए कि सभी मंडल अध्यक्ष पदाधिकारियों की शत–प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करें तथा नियमित समीक्षा करते रहें।

# सात डायलिसिस मशीनों से मरीजों को होगी सुविधा

**संतों के सानिध्य में संपन्न हुआ**



**मंदसौर** । रोटरी क्लब के माध्यम से रोटरी ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत 60 लाख रू. की लागत से 7 डायलिसिस मशीनों का महावीर स्वास्थ्य केंद्र, दलौदा में विधिवत लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उपाध्याय प्रवर गौतम मुनि, प्रवर्तक विजय मुनि, उप प्रवर्तक अरुण मुनि एवं साध्वी कुमुदलता श्रीजी सहित अनेक साधु–संतों का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर एवं मंदसौर विधायक विपिन जैन उपस्थित रहे। वहीं सम्मानित अतिथियों में पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर गजेंद्र सिंह नारंग, पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नितिन डफरिया एवं असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी शामिल रहे।

कार्यक्रम में डायलिसिस मशीनों के दानदाता परिवारों आनंदीलाल–कोमलसिंह दुग्गड परिवार (मंदसौर), राजीव चौधरी परिवार (इंदौर) एवं राजेंद्र डाकोलिया परिवार (इंदौर) का रोटरी क्लब द्वारा सम्मान किया गया। साथ ही महावीर स्वास्थ्य केंद्र दलौदा के अध्यक्ष रमेश भंडारी एवं महामंत्री राजेश संचेती, वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ दलोदा के पूर्व अध्यक्ष सुभाष जैन व वर्तमान अध्यक्ष अशोक मोगरा का भी बहुमान किया गया।

अपने उद्बोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 द्वारा ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत 51 डायलिसिस मशीन लगाने की योजना थी, किंतु पूज्य संतों की प्रेरणा से इसे ब?ाकर 56 मशीन करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। अब तक 41 मशीनें स्थापित हो चुकी हैं, जबकि शेष 15 मशीनें शीघ्र स्थापित की जाएंगी।

राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने रोटरी क्लब के सेवा कार्यों की सराहना करते हुए इस जनसेवा प्रकल्प के लिए आभार व्यक्त किया। विधायक विपिन जैन ने कहा कि दलौदा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध होना मरीजों के लिए वरदान सिद्ध होगा। महावीर स्वास्थ्य केंद्र के अध्यक्ष रमेश भंडारी ने बताया कि पूर्व में केंद्र पर 5 डायलिसिस मशीनें संचालित थीं, जिनमें 7 नई मशीन जु?ने से अब कुल 12 मशीनों के माध्यम से अधिक मरीजों का उपचार संभव हो सकेगा तथा प्रतीक्षा अवधि भी समाप्त होगी।

प्रोजेक्ट चेयरमैन एवं महामंत्री राजेश संचेती ने जानकारी दी कि केंद्र पर मात्र 300 रू. में डायलिसिस सुविधा उपलब्ध है, वहीं आयुष्मान योजना के अंतर्गत पंजीकृत मरीजों को यह सुविधा पूर्णत: नि:शुल्क प्रदान की जाती है। स्वागत उद्बोधन देते हुए रोटरी क्लब अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी ने बताया कि रोटरी क्लब लगातार स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहा है और रोटरी ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से मंदसौर में सर्व जनहित गुरु गौतम सेवा संस्थान पर रणछो? प्रसाद गने?ीवाल की स्मृति में प्रदीप गने?ीवाल परिवार के सौजन्य से तकरीबन 42 लाख रुपए लागत की अत्याधुनिक कार्डियक एम्बुलेंस भी जल्द ही जनसेवा हेतु समर्पित की जाएगी। कार्यक्रम के पूर्व गुरु भगवंत के प्रवचन का लाभ भी जनसमुदाय ने प्राप्त किया।

# परमार गुजराती सेन समाज के जिला कोषाध्यक्ष

**मंदसौर** । गुजराती सेन समाज की संगठनात्मक गतिविधियों को विस्तार देने और समाज को नई दिशा प्रदान करने के उद्देश्य से नियुक्तियों का सिलसिला जारी है। इसी कड़ी में मंदसौर गुजराती सेन समाज के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष बलराम राठौड़ ने संगठन के प्रति निष्ठा और सक्रियता को देखते हुए जगदीश सेन परमार रलायता वाले को वरिष्ठ जिला कोषाध्यक्ष के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया है।



जगदीश परमार की इस नियुक्ति की घोषणा होते ही समूचे जिले के सेन बंधुओं और शुभचिंतकों में खुशी की लहर है। समाजजनों का मानना है कि जगदीश परमार के अनुभव और सक्रियता से समाज के संगठन को जिले भर में नई मजबूती मिलेगी क्यों की जगदीश पुर्व में भी में भी गुजराती सेन समाज के जिला उपाध्यक्ष रह चुके है।

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिले भर से समाज के वरिष्ठजनों और पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की है। जगदीश परमार गुजराती सेन समाज के जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त होने पर शुभकामनाएँ देने वालों में प्रमुख रूप से डॉ. राजेश बोराना, अनिल वक्षा, डॉ. राजेश परमार, अंतिम देवड़ा, अशोक परमार, प्रहलाद परिहार, अर्जुन सेन राठौड़ (छोटू), राकेश सेन सम्राट, अनिल परिहार, हरीश परमार (गिगल), जगदीश परमार (रलायता), मनीष सेन राठौ? (मोनू), विजय परमार एवं राजेश परिहार सहित अनेक समाजजन सम्मिलित हैं। सभी ने आशा व्यक्त की है कि सेन समाज के नवनियुक्त जिला कोषाध्यक्ष समाज के उत्थान और एकजुटता के लिए निरंतर कार्य करेंगे।

## शुद्धिकरण अभियान में आज निकाला नदी से एक ट्राली कचरा

**मंदसौर** । आज शिवना शुद्धिकरण अभियान के 107वें दिन श्रमदानियों ने पूरे उत्साह के साथ श्रमदान में भाग लिया। इस दौरान नदी किनारे फैली गाजर घास व आसपास फैले प्लास्टिक कचरे को साफ किया गया। इससे पर्यावरण और जीव–जंतुओं पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा था। इस अवसर पर लोकप्रिय विधायक विपिन जैन ने कहा कि पिछले 1 साल से लगातार हम शिवना नदी को साफ व स्वच्छ करने का सामूहिक प्रयास लगातार कर रहे हे जिसमे हमें सफलता मिली है। 1 मई से हम रोजाना नदी से गाद, कचरा निकाला जा रहा है। अभियान 20 मई तक रोजाना चलेगा।

जैन आगे कहा कि सभी श्रमदानियों के सामूहिक प्रयास से इस गंदगी को काफी हद तक हटाया गया। साथ ही लोगों को रोका गया व उनसे अनुरोध किया कि नदी में कचरा न डाले, कचरे को उसके उचित स्थान पर ही डाले, जिससे नदी का पानी दूषित न हो। मंदसौरवासियों से आहवान किया कि शिवना शुद्धिकरण अभियान में प्रतिदिन प्रात: 7•00 से 9•00 बजे के बीच श्रमदान करने जरूर पधारे। आज शिवना शुद्धिकरण अभियान के 107वे दिन श्रमदान करने वालों में सर्वश्री विधायक विपिन जैन, समाज सेवियों में सर्वश्री मनीष भावसार, हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, राकेश जैन पिंटू, सुधांशु भावसार, अभिनंदन नागर, विवेक नागर, अमलावद गांव से कैलाश कुमावत, महिला नेत्रीयों में इष्टा भाचावत, राखी सत्रावाला, प्रमिला पंवार, कांग्रेसजन मे सर्वश्री तरूण खिंची, सुरेंद्र कुमावत, राजनारायण लाड़, विकास दशोरा, दिलीप देवड़ा, मनोहर नाहटा, संजय सोनी, संजय नाहर, रमेश बृजवानी, राजेश फरक्या, विश्वास दुबे, पंकज जोशी, अजय सोनी, महेश गुप्ता, राकेश सेन, विजय सिंह सिसोदिया, सोहनलाल धाकड़, जीतू गुगर सहित अन्य मौजूद थे।

**एक नजर** | **विजय खिलाड़ियों को अतिथियों ने मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किए**

# पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का समापन

**मंदसौर** । जिला पेंचिक सिलाट एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी ने बताया कि जिला पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट एसोसिएशन मंदसौर के द्वारा स्थानीय महारानी लक्ष्मी बाई विद्यालय में जिला स्तरीय पेंचिक सिलाट मार्शल आर्ट प्रतियोगिता का समापन समारोह हुआ जिसमें पूरे जिले के खिला?ियों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता में पधारे अतिथियों ने विजय खिला?ियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरित किए। प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वार्ड पार्षद श्रीमती प्रमिला संजय गोयल कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला खेल अधिकारी खेल और युवा कल्याण विभाग विजेंद्र देव?ा विशेष अतिथि महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय के प्रिंसिपल के.सी. सोलंकी, मंदसौर जिले के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गिरीश शर्मा एवं एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कोठारी मंचासीन थे। कार्यक्रम में स्वागत उद्बोधन जिला पेंचिक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के अध्यक्ष विजय कोठारी ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों एवं बाहर से कोच एवं खिला?ियों का स्वागत अभिनंदन किया एवं बताया कि प्रतियोगिता में चयन खिला?ी 8 से 10 मई को मध्य प्रदेश के राजग? जिले के ब्यावरा में 12 वीं राज्य स्तरीय पेंचिक सिलाट प्रतियोगिता में भाग लेंगे

जिला खेल अधिकारी विजेंद्र जी देव?ा ने कहा की यह खेल गवर्नमेंट मिनिस्ट्री एवं खेल और कल्याण कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त खेल है इसमें राज्य स्तरीय में विजय खिला?ियों को स्कॉलरशिप का प्रावधान रहता है जिला पेंचक सिलाट एसोसिएशन मंदसौर के खिला?ियों ने पिछले साल सबसे ज्यादा स्कॉलरशिप मध्य प्रदेश शासन से प्रदान की है एवं स्पोर्ट कोटा से सरकारी नौकरी लगती है स प्रतियोगिता में रहे निर्णायक गगन कुरील, सैयद आफताब आलम, यश हीवे, धवल कुमावत, असमा बी संदीप आर्य थे। मध्य प्रदेश पैचिक सिलाट के अध्यक्ष अबरार अहमद, सचिव अभय श्रीवास ने भाग लिए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं बधाई प्रेषित की हैं।

अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष विजय कोठारी, सैयद आफताब आलम, धर्मेंद्र सिंह रानेरा, यश हीवे, धवल कुमावत, असमा बी, राज जय सिंघानी ने किया कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव गगन कुरील ने किया आभार टेक्निकल डायरेक्टर सैयद आफताब आलम ने माना।

## नीमच

## एक नजर में

### इनर व्हील डायमंड का सराहनीय प्रयास 22 यूनिट रक्तदान, मिल्क बैंक जागरूकता–स्मार्ट डस्टबिन स्थापित

**नीमच** । इनर व्हील क्लब ऑफ नीमच डायमंड द्वारा जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 22 रक्तदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर 22 यूनिट रक्तदान किया। इस अवसर पर मिल्क बैंक के प्रति जागरूकता अभियान भी चलाया गया, जिसमें डॉ. संगीता भारती ने नवजात शिशुओं की माताओं को स्तन दूध दान के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही जच्चा–




बच्चा वार्ड में जागरूकता पोस्टर भी लगाए गए। क्लब द्वारा स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए एक स्मार्ट डस्टबिन रोटरी डायमंड पार्क में तथा एक स्मार्ट डस्टबिन जिला चिकित्सालय परिसर में स्थापित किया गया। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष पूजा गर्ग, सचिव पायल गुर्जर, एडिटर शिवांगी जैन, लक्ष्मी शर्मा एवं जयंती एनिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब की इस पहल को सामाजिक सरोकार एवं जनसेवा की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है।

### सभी विभाग ग्रामीणों के आवेदन–समस्याओं का सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित करें : चंद्रा



**नीमच** । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में समय सीमा पत्रों के निराकरण, रात्रि चौपाल कोज्या एवं टामोटी में ग्रामीणों से प्राप्त आवेदनों के निराकरण की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर एवं सभी विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए, कि वे कोज्या एवं टामोटी में सम्पन्न रात्रि चौपाल में ग्रामीणों से प्राप्त समस्याओं, आवेदनों का सकारात्मक त्वरित निराकरण सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने टामोटी में जल निगम द्वारा मजरो, टोलो के कुछ घरों में नीला पाईप डालकर कनेक्शन से छूट जाने की ग्रामीणों की समस्या पर जल निगम महाप्रबंधक को निर्देश दिए, कि वे संबंधित सहायक यंत्री एवं उपयंत्री के विरूद्ध कार्यवाही कर अवगत कराए और ग्रामीणों की समस्या का त्वरित समाधान मौके पर सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने ग्रामीणों की मांग पर टामोटी क्षेत्र के कुछ गांव गांधीसागर से रामपुरा, मनासा सूक्ष्म प्रेशरयुक्त सिंचाई योजना से छूटने पर इन गांवों को शामिल करने की मांग पर कलेक्टर ने जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री के प्रति अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए सख्त निर्देश दिए, कि वे छूटे हुए सभी गांवों को स्वीकृत रामपुरा, मनासा सिंचाई परियोजना में शामिल करने के लिए प्रस्ताव तैयार कर शासन को तत्काल भिजवाए। साथ ही सिंगोली क्षेत्र के एक क्षतिग्रस्त जलाशय की जनभागीदारी से मरम्मत व सुदृढीकरण का कार्य भी तत्काल प्रारंभ करवाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सीएमओ और खाद्य सुरक्षा अधिकारी को फलो, सब्जियों के विक्रेताओं, दुकानों व अन्य खाद्य पदार्थो की सघन जांच कर नमूने लेने और कार्यवाही करने के लिए सघन अभियान चलाने के निर्देश दिए है।

# कलेक्टर ने टामोटी में रात्रि चौपाल व जल चौपाल में सुनी समस्याएं

**प्रतिभाशाली विद्यार्थियों व लाड़ली लक्ष्मी बेटियों का सम्मान**

**नीमच** । कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा जिलाधिकारियों के दल के साथ जनजाति बाहुल्य ग्राम टामोटी में रात्रि चौपाल एवं जल चौपाल में ग्रामीणों से रूबरू हुए। यात्री बस से पहुंचे कलेक्टर व अधिकारियों के दल का बस से उतरते ही ग्रामीणों ने जल कलश यात्रा निकालकर ढोल–धमाकों के साथ स्वागत किया। जल चौपाल में टामोटी और आसपास के क्षेत्र के गांवों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

**कलेक्टर के प्रमुख निर्देश :** समस्याओं का निराकरण: कलेक्टर ने एक–एक कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित 42 लिखित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने समय–सीमा में सभी आवेदनों का निराकरण करने का विश्वास दिलाया।

**आधार शिविर:** टामोटी क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग पर आधार अपग्रेडेशन के लिए विशेष शिविर लगाने के निर्देश दिए।

**जन्म प्रमाण पत्र:** बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र बनाने के लिए सूची तैयार कर 15 दिवस में तहसीलदार को उपलब्ध कराने के निर्देश सचिवों को दिए।



**वन विभाग की घोषणाएं**

वन मंडलाधिकारी श्री एस.के.अटोदे ने ग्रामीणों से कहा कि जल संरक्षण संरचनाओं के वन क्षेत्र में निर्माण के लिए विभाग प्राथमिकता से अनुमति प्रदान करेगा। वन विभाग और राजस्व विभाग की टीम संयुक्त रूप से वन–राजस्व सीमा संबंधी समस्याओं का मौके पर भ्रमण कर शीघ्र समाधान निकालेगी। उन्होंने वन्यजीव से होने वाले नुकसान पर पीड़ितों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की योजनाओं के बारे में भी बताया तथा वन क्षेत्र में जल संरचनाओं के गहरीकरण–मरम्मत के लिए जनभागीदारी से कार्य की अनुमति भी प्राथमिकता से देने की बात कही।

**आबादी भूमि चिन्हांकन:** वन क्षेत्र से लगे ग्रामों में आबादी के लिए उपलब्ध जमीन चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**वन अधिकार:** वन राजस्व सीमा संबंधी ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान एवं सामुदायिक वन अधिकार पट्टा उपलब्ध कराने की कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

**आंगनवाड़ी भवन:** बिलवास की जर्जर आंगनवाड़ी भवन को डिस्मेंटल करने की कार्रवाई कर नवीन भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए।

**जल जीवन मिशन:** जल जीवन मिशन के अधिकारियों को दो दिन में टामोटी क्षेत्र के सभी गांवों का भ्रमण कर पेयजल योजना का गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने और सभी गांवों, मजरे–टोलों में हर घर तक नल पाइपलाइन से जल पहुंचाने के निर्देश दिए।

**जल चौपाल एवं विभागीय सहभागिता:** जल चौपाल में ग्रामीणों को जल संरक्षण व जल संचय के लिए समझाइश दी गई। पशुपालन, उद्यानिकी, मत्स्य सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी तथा लाभ लेने की प्रक्रिया भी बताई।

**सम्मान समारोह:** रात्रि चौपाल में कलेक्टर ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही पांच लाड़ली लक्ष्मी बेटियों को महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से हितलाभ के प्रमाण पत्र भी वितरित किए।

# दो दिन से लापता युवक का शव कुएं में मिला लोगों को संदिग्ध मौत की आशंका

**नीमच । जिले के पिपलिया जागीर क्षेत्र में एक युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। युवक 2 मई की रात से लापता था, जिसका शव बुधवार दोपहर को उसी के खेत पर स्थित कुएं में तैरता हुआ मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।**



जानकारी के अनुसार, पिपलिया जागीर निवासी पूनम चंद (30) पिता अमरचंद मीणा 2 मई की रात को अपने खेत पर रखवाली के लिए गया था। वह अक्सर खेत पर ही सोता था। अगली सुबह जब वह घर नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी जब उसका कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजनों ने जीरन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

बुधवार को जब ग्रामीण खेत की ओर गए, तो उन्हें कुएं में एक शव तैरता हुआ दिखाई दिया। शव पानी में पूरी तरह फूल चुका था। ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और परिजनों को दी। शिनाख्त होने पर पता चला कि यह शव लापता पूनम चंद का ही है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला और नीमच जिला अस्पताल पहुंचाया। मृतक पूनम चंद के दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र 10 साल और 7 साल है। परिजनों का मानना है कि रात के समय पूनम चंद कुएं के पास किसी काम से गया होगा, जहां अचानक पैर फिसलने के कारण वह गहरे पानी में गिर गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। फिलहाल मर्ग कायम कर मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा।

**एक नजर** | **दिगंबर जैन समाज द्वारा नव निर्मित संत भवन का लोकार्पण 12 को**

# अहंकार के त्याग बिना नहीं मिलता है ज्ञान : सुप्रभ सागर महाराज

**नीमच** । ज्ञानी व्यक्ति सदैव विनम्र रहता है। वह व्यर्थ में किसी भी प्रकार की बात नहीं करता है। वह सदैव मौन रहता है। व्यक्ति को अपने जीवन में ज्ञान का कभी अहंकार नहीं करना चाहिए। ज्ञान को पहले गहराई से समझना चाहिए फिर उसका पालन करना चाहिए। व्यक्ति को अपने अहंकार यश ख्याति के लिए दूसरों के जीवन के साथ खिलवाड़ नहीं करना चाहिए।

अहंकार के त्याग बिना ज्ञान नहीं मिलता है। यह बात सुप्रभ सागर महाराज ने कहीं। वे दिगंबर जैन समाज नीमच द्वारा पुस्तक बाजार में नवनिर्मित संत आवास के लोकार्पण के निमित्त और जीरो विद्युत केंद्र के पीछे पुस्तक बाजार के समीप दिगंबर जैन मंदिर सभाभवन में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित समाज जनों को संबोधित करते हुए बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि अपने हित व कल्याण की बात को सुनने से रोकने वाला आपका शत्रु होता है उससे सदैव बचना चाहिए। शास्त्रों की वाणी को कहना मुनियों के लिए अनिवार्य होता है लेकिन प्रवचन का अधिकार आचार्य को होता है। स्वाध्याय कर उसे आचरण में लाएं तो धर्म की प्रभावना बढ़ती है। शांति सागर जी महाराज की चर्या से लोगों में अनेक क्रांतिकारी परिवर्तन सामने आए थे। मुनि वैराग्य सागर जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को अपने रूप धन ज्ञान तप यश कीर्ति पर कभी भी अहंकार नहीं करना चाहिए। मनुष्य को यदि शरीर निरोगी काया और अनुकूल मिला है तो जीवन में संयम त्याग को धारण करना चाहिए। व्यक्ति को अपने जीवन में भोजन आहार राज्य और




**आचार्य शांति सागर मार्ग का लोकार्पण 10 मई को**

मीडिया प्रभारी अमन विनायका ने बताया कि इस अवसर पर दिगंबर जैन समाज नीमच के तत्वाधान में 108 मुनि श्री वैराग्य सागर जी महाराज, 108 मुनि श्री सुप्रभ सागर जी महाराज की निश्रा में 10 मई रविवार को सुबह 9 बजे शांति धारा के साथ विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे। नगर पालिका द्वारा नवनिर्मित आचार्य शांति सागर मार्ग की सड़क का लोकार्पण समारोह भी आयोजित किया जाएगा। धर्म सभा में इस अवसर पर समाज जनों ने संत मुनि श्री को श्रीफल भेंट व चरण वंदन कर आशीर्वाद ग्रहण किया। शीघ्र ही शाहपुरा देवली समाज के चातुर्मास की विनती के लिए नीमच में उपस्थित होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष 2024 को दिगंबर जैन समाज में जिन गुरु मुनी सुप्रभ सागर जी व मुनि वैराग्य सागर जी के सानिध्य में पावन चातुर्मास हुआ था।